कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

संख्या - ए0ई0/03/नि0वि0-1/विधिक/536/2025/1387 दिनांक -12-03-2026

कार्यालय आदेश

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर ने पत्रांक 76/एसटी०-सामान्य (डी०ए०ओ०)/26, दिनांक 19/02/2026, 82/एसटी०-सामान्य (डी०ए०ओ०)/26, दिनांक 21/02/2026 एवं 87/एसटी०-सामान्य (डी०ए०ओ०)/26, दिनांक 25/02/2026 के माध्यम से सूचित किया था कि श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी दिनांक 01/02/2026 से 25.02.2026 तक लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से खंड कार्यालय में अनुपस्थित चल रहे है, जिसके कारण खण्ड की वितीय एवं भौतिक प्रगति प्रभावित हो रही है।

अतः इस कार्यालय के कार्यालय आदेश सं.: ले.ह./03/नि.वि.-1/विधिक/536/2025/1379 दिनांक: 20.02.2026 के क्रम में श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी, व्यक्तिगत संख्या-952 की दिनांक 18/02/2026 से दिनांक 24/02/2026 तक की अनधिकृत अनुपस्थिति को 'अकार्य दिवस' (Dies-non) घोषित किया जाता है। उक्त अवधि को सेवा में जोड़ा नहीं जाएगा और न ही सेवा में व्यवधान माना जाएगा |

12/3/26

वरि.उपमहालेखाकार/निर्माण

संख्या - ए0ई0/03/नि0वि0-1/विधिक/536/2025/102-105 दिनांक -

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. श्री राम मिलन यादव, वरिष्ठ प्रभागीय लेखाधिकारी, व्य०सं० 952 को कार्यालय की वेबसाइट के माध्यम से।
2. अधिशासी अभियाता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अकार्य दिवस की प्रविष्टि श्री राम मिलन यादव की सेवा पुस्तिका में करना सुनिश्चित करें। श्री राम मिलन यादव को दिनांक 01-02-2026 से दिनाक 17-02-2026 तक का वेतन एवं भता देय नहीं होगा।
3. वरिष्ठ लेखाधिकारी/नि.वि.-2, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को श्री यादव की व्यक्तिगत पत्रावली एवं ए०पी०ए० आर० डोजीयर में संलग्न करने हेतु।
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी/आई०टी०सी०जी०, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय आदेश को कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

वरि.लेखाधिकारी/नि.वि. विधिक